# प्री-बोर्ड परीक्षा (2019-20)
# विषय- हिन्दी (002)
# कक्षा- दसवीं

**समय- 3 घंटे** **पूर्णांक- 80**

निर्देश-1° शुद्ध एवं स्वच्छ लेखन पर विशेष ध्यान दें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

पहनने-ओढ़ने की तरह खाने-पीने में भी निराला जी के आचार-व्यवहार से बहुत लोग दुखी हो जाते थे। वे अपनी किसी भी कमजोरी को छिपाते न थे। अपने को साधारण आदमियों में गिनते थे। महामानव बनने और पूजा-वंदना कराने से उन्हें चिढ़ थी। उनके शरीर पर जनेऊ न देखकर एक पंडित जी ने कहा था, 'महाराज, आप यज्ञोपवीत धारण नहीं करते?' निराला जी ने कुछ रोष में कहा, "गुलाम देश में शूद्र हैं, यहाँ ब्राह्मण कौन है?" मानो इसीलिए उन्होने अपने गाँव के साधारण जनों से विशेष नाता जोड़ा था। जिससे पुराणपंथी उनसे चिढ़ते थे, गरीब किसान उन पर जान देते थे। लखनऊ में अपने होटल के सामने फुटपाथ पर पड़ी रहने वाली एक पगली भिखारिन से उन्हें बहुत सहानुभूति थी । रात में सोते समय अक्सर जाग जाते और घंटों छत पर या बरामदे में टहला करते थे ।

(i) लोग निराला जी आचार-व्यवहार से दुखी क्यों हो जाते थे ? 2

**(ii) निराला जी गुलाम देश के नागरिकों की तुलना किससे करते थे ? 2**

**(iii) निराला जी का स्वभाव कैसा था ? 2**

**(iv) वास्तविक अर्थों में महामानव कहलाने का अधिकारी कौन है ? 2**

**(v) 'महामानव' का क्या अर्थ है ? 1**

**(vi) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए । 1**

**खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न2 . निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 1x4 = 4**

**(i)** समझदार भालू बाजार से फुटबॉल लाया । (संयुक्त वाक्य में)

**(ii)** वहाँ खेलो जहाँ हरी घास का मैदान हो । (सरल वाक्य में)

**(iii) यह वही** हाथी है जो पिछले साल सर्कस से भाग गया था । (वाक्य एवं उपवाक्य भेद का नाम लिखिए)

**(iv) कठोर परिश्रम करो और सफलता पाओ । (मिश्र वाक्य में )**

**प्रश्न3 ° निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए - 1x4 = 4**

**(i)** नटखट खरगोश कुतर-कुतर कर गाजर खाता है । (कर्मवाच्य में बदलिए)

**(ii) अब चले । (भाववाच्य में)**

**(iii) आज हमारे द्वारा गणित पढ़ा गया । (कर्तृवाच्य में बदलिए )**

**(iv) निम्नलिखित में से कौन सा वाच्य नहीं होता है -**

**(अ)** कर्तृवाच्य (आ) प्रश्नवाच्य (इ) भाववाच्य (ई) कर्मवाच्य

**प्रश्न4 . निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पद-परिचय दीजिए - 1x4 = 4**

**(i) 'मैं धीरे-धीरे चलती हूँ।'**

**(ii) 'वाह! कैसे सुंदर फूल हैं।'**

**(iii) माँ ने बच्चे को खाना खिलाया ।**

**(iv) सफलता दिनेश के कदम चूमती है।**

**प्रश्न5 . निम्नलिखित रस संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x4 = 4**

**(i) 'कहत नटत रीझत खिजत, मिलत खिलत लजियात**

| |
|---|
| भरे भुवन में करत हैं नैनन ही सौं बात ।।' - पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए । |
| (ii) अद्भुत रस का स्थायी भाव लिखिए । |
| (iii) कौन सा पद रस से संबन्धित नहीं है-<br>(अ) विभाव (आ) अनुभाव (इ) संचारी भाव (ई) संख्यावाचक |
| (iv) हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए । |
| खंड – ग |
| प्रश्न6 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये- 2+2+2 = 6 |
| शहनाई के इसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खाँ साहब अस्सी बरस से सुर मांग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पांचों वक्त वाली नमाज़ इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं- 'मेरे मालिक एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएं। उनको यकीन है, कभी खुदा उन पर यूं ही मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकाल कर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरुद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी।' |
| (i) 'सच्चे सुर की नेमत' से क्या अभिप्राय है ? |
| (ii) बिस्मिल्लाह खाँ एक सच्चा सुर क्यों मांग रहे हैं ? |
| (iii) 'सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएं।' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । |
| प्रश्न 7. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें- 2×4 = 8 |
| (i) मन्नू भंडारी की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी – फिर भी लेखिका के लिए आदर्श न बन सकी ।' क्यों ? |
| (ii) आजादी के आंदोलन में लेखिका मन्नू भण्डारी के योगदान को अपने शब्दों में लिखिए। |
| (iii) नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है । इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में लिखिए। |
| (iv) किन तर्कों के आधार पर कहा जा सकता है कि बिस्मिल्ला खान मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक हैं? |
| (v) शहनाई की दुनिया में डुमरांव को क्यों याद किया जाता है ? |
| प्रश्न8 . निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये- 2+2+2 = 6 |
| फ़सल क्या है ?<br>और तो कुछ नहीं है वह<br>नदियों के पानी का जादू है वह<br>हाथों के स्पर्श की महिमा है<br>भूरी – काली – संदली मिट्टी का गुणधर्म है<br>रूपांतर है सूरज की किरणों का<br>सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का |
| (i) फ़सल को सूरज की किरणों का रूपांतरण क्यों कहा गया है ? |
| (ii) फ़सल किसके हाथों के स्पर्श की महिमा है ? कैसे?<br>(iii) उपर्युक्त पंक्तियों में कवि ने किसे अधिक महत्व दिया है ? |
| प्रश्न9 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखें- 2×4 = 8 |
| (i) स्वयंवर स्थल पर परशुराम ने शिव धनुष तोड़ने वाले के लिए कहा ? |
| (ii) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है ? |
| (iii) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े की मुस्कान में क्या अंतर है ? |
| (iv) 'छाया मत छूना' कविता में छाया शब्द किस सन्दर्भ में प्रयुक्त हुआ है ? कवि ने उसे छूने से क्यों मना किया है ? |
| (v) मृगतृष्णा क्या है ? हमें इससे क्यों बचना चाहिए ? |
| प्रश्न10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3 x 2 = 6 |
| (i) 'और देखते – देखते दिल्ली का काया-पलट होने लगा' – आपके विचार से दिल्ली के काया-पलट के लिए क्या – क्या |

प्रयत्न किए गए होंगे ?

(ii) माता का अंचल पाठ में वर्णित तत्कालीन विद्यालयों के अनुशासन से वर्तमान समय के विद्यालयों के अनुशासन की तुलना करते हुए बताइए कि आप किस अनुशासन व्यवस्था को अच्छा मानते हैं और क्यों ?

(iii) अख़बार वालों ने जिन्दा नाक लगाने की खबर को किस प्रकार प्रस्तुत किया ?

## खंड – घ

प्रश्न11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में एक निबंध लिखिए- (10)

(i) स्वच्छ भारत : एक कदम स्वच्छता की ओर (संकेत बिन्दु- 1. प्रस्तावना, स्वच्छता का महत्व, वर्तमान समय में स्वच्छता को लेकर भारत की स्थिति , स्वच्छ भारत अभियान का आरंभ एवं लक्ष्य, उपसंहार )

(ii) बढ़ती जनसंख्या (संकेत बिन्दु- प्रस्तावना , बढ़ती जनसंख्या के कारण और दुष्परिणाम, शिक्षा की आवश्यकता, छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा, उपसंहार)

(iii) सामाजिक संजाल (सोशल नेटवर्किंग) : वरदान या अभिशाप (संकेत बिंदु – प्रस्तावना, सोशल नेटवर्किंग के लाभ, सोशल नेटवर्किंग से हानियाँ , उचित प्रयोग के लिए सुझाव , उपसंहार)

प्रश्न12. आपकी कक्षा के कुछ छात्र छोटी कक्षा के विद्यार्थियों को परेशान करते हैं । इस समस्या से प्राचार्य जी को पत्र लिखकर अवगत कराएं और इसके समाधान का कोई उपाए भी बताएं । (5)

अथवा

अनजाने में हुई भूल के लिए माफ़ी मांगते हुए बड़े भाई को पत्र लिखें ।

प्रश्न 13 . चुनाव में मतदान की अपील करते हुए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । (5)

अथवा

आपको अपने घर का एक कमरा किसी विद्यार्थी को किराये पर देना है । इससे सम्बंधित एक आकर्षक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार करें ।

## प्री – बोर्ड परीक्षा 2019-20

## विषय – हिन्दी ‘अ’ (002)

**समय – 3 घंटे  कक्षा – 10 “अंक योजना”  पूर्णांक – 80**

| क्र.सं. | <u>संभावित उत्तर संकेत</u> | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 1. | **<u>खण्ड – क</u>** | ***<u>10</u>*** |
| i. | निराला जी का खाने – पीने व पहनने – ओढ़ने का तरीका लोगों से अलग था \| लोग इस कारण उन्हें स्वयं से अलग समझते थे तथा उनके आचार – विचार से दुखी हो जाते थे \| | 2 |
| ii. | निराला जी किसी को भी ब्राह्मण न मानकर यह कहते थे कि गुलाम देश में सभी शूद्र हैं \| | 2 |
| iii. | निराला जी का स्वभाव बहुत ही सहज और सरल था \| गरीबों , असहायों के प्रति उनके मन में दया और करुणा का भाव भरा रहता था \| | 2 |
| iv. | वास्तविक अर्थों में महामानव कहलाने का अधिकारी वह व्यक्ति है जो सबका भला चाहे, सबके साथ सहजता से रह सके, दिखावा न करे तथा सबके दुःख – दर्द में शामिल रहे \| | 2 |
| v. | जिसके गुण असाधारण हों \| (विद्यार्थी स्वयं से कोई अन्य मिलता – जुलता उत्तर भी लिखेंगे) | 1 |
| vi. | गरीबों के मसीहा–निराला जी \| (विद्यार्थी स्वयं से कोई अन्य मिलता – जुलता उत्तर भी लिखेंगे) | 1 |
| | **<u>खण्ड – ख (व्यवहारिक व्याकरण)</u>** | ***<u>16</u>*** |
| **2** | **रचना की दृष्टि से वाक्य भेद -** | **1x4= 4** |
| i. | समझदार भालू बाज़ार गया और फुटबाल लाया \| | 1 |
| ii. | हरी घास के मैदान पर खेलो \| | 1 |
| iii. | मिश्र वाक्य \| आश्रित उपवाक्य का भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | 1 |
| iv. | यदि कठोर परिश्रम करोगे तो सफलता पाओगे \| | 1 |
| **3** | **वाच्य -** | **1x4= 4** |
| i. | नटखट खरगोश द्वारा कुतर-कुतर कर गाजर खायी जाती है \| | 1 |
| ii. | अब चला जाए \| | 1 |
| iii. | आज हमने गणित पढ़ा \| | 1 |
| iv. | (आ) प्रश्न वाच्य | 1 |
| **4.** | **पद-परिचय -** | **1x4= 4** |
| i. | रीत्ति वाचक क्रिया – विशेषण, अव्यय , चलती हूँ क्रिया का विशेषण | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| ii. | अव्यय / विस्मय बोधक / हर्ष सूचक | 1 |
| iii. | क्रिया / सकर्मक / एक वचन / पुल्लिंग | 1 |
| iv. | संज्ञा / भाववाचक / एकवचन | 1 |
| **5.** | **रस -** | **1x4= 4** |
| i. | श्रृंगार रस | 1 |
| ii. | विस्मय / आश्चर्य | 1 |
| iii. | (ई) संख्यावाचक | 1 |
| iv. | विद्यार्थी स्वयं की समझ के आधार पर उदाहरण लिखेंगे | 1 |
| | **खण्ड – (पाठ्य – पुस्तक एवं पूरक पाठ्य – पुस्तक)** | ***34*** |
| 6. | **पठित गद्यांश (अपेक्षित शब्द सीमा 30-40 शब्द)** | 6 |
| i. | बिस्मिल्लाह खां हमेशा नमाज़ के बाद सजदे में सच्चे सुर की नेमत से यह अभिप्राय है कि उनके संगीत में इतना प्रभाव आ जाए / प्रभाव बना रहे कि सुनने वालों की आँखों से आंसू बहने लगें \| | 2 |
| ii. | बिस्मिल्लाह खां हमेशा नमाज़ के बाद सजदे में सच्चे सुर की नेमत इसलिए मांगते थे कि उनके संगीत में प्रभाव आ जाए / प्रभाव बना रहे तथा उनके अन्दर घमंड अपनी जड़े न जमा सके \| | 2 |
| iii. | बिस्मिल्ला खां अपने सुर में / संगीत में इतना प्रभाव लाना चाहते हैं कि उसे सुनने वाले सभी श्रोताओं के दिल पर असर हो \| उनका संगीत लोगों के भीतर गूंजने लगे \| | 2 |
| 7. | **गद्य खण्ड पर आधारित प्रश्न** | 2**x4 =8** |
| i. | मन्नू भंडारी की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी, किन्तु लेखिका का मनना था कि इसके परे उसका माँ का एक स्वतंत्र व्यक्तित्व होना चाहिए था \| लेखिका जीवन में आज़ादी की पक्षधर थीं इसलिए उनका मानना था कि उनकी माँ को भी पिता जी की हर उचित – अनुचित बात मानने के स्थान पर अपना भी मत रखना चाहिए था \| | 2 |
| ii. | आज़ादी के आन्दोलन में मन्नू भंडारी ने बढ़ – चढ़ कर भाग लिया \| सड़कों पर निकल कर रैलियां निकलवाना, आन्दोलन में शामिल होना, हड़तालें कारवाना, भाषण देना आदि तमाम कार्यों में लगीं रहती थीं \| | 2 |
| iii. | नवाब साहब ने सबसे पहले खीरे को पानी से धोया और तौलिये से पोंछा \| फिर चाकू से उसके अग्र भाग को काट कर गोदा \| उसे छीलकर उसकी फंकों को करीने से सजाया \| उन पर नमक – मिर्च बुरकाया \| और फिर एक – एक फांक को उठा कर सूंघ – सूंघ कर खिड़की से बाहर फेंक दिया \| | 2 |
| iv. | बिस्म्मिला खां की शहनाई वादन की शुरुआत ही बाला जी के मंदिर से होती थी \| वह एक सच्चे मुसलमान थे, पांचों वक्त की नमाज़ अदा करते थे, मुहर्रम के समय मातम में भी शामिल होते थे ; लेकिन वह जब कभी | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | भी बनारस से बाहर प्रस्तुति देते थे तो सबसे पहले विश्वनाथ मंदिर की दिशा में ही मुँह करके बैठते थे \| वह हिन्दू या मुसलमान में कोई भेदभाव नहीं करते थे \| | |
| v. | डुमरांव बिहार में सोन नदी के किनारे बसा है , जहाँ सोन नदी के किनारे नरकट की लकड़ी पाई जाती है जिससे शहनाई में प्रयुक्त होने वाली रीड बनाई जाती है \| डुमरांव के बिस्मिल्ला खां साहब भी हैं \| यही कारण ही डुमरांव को याद किया जाता है \| | 2 |
| 8 . | **पठित पद्यांश** | **6** |
| i. | फ़सल के लिए मिट्टी, हवा, पानी व धूप की आवश्यकता होती है \| सूरज के प्रकाश से ही पौधे अपना भोजन प्राप्त करते हैं \| फ़सल के विकसित होने में सूर्य की किरणों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होने के कारण फ़सल को सूरज की किरणों का रूपांतरण कहा जाता है \| | 2 |
| ii. | फ़सल किसान के हाथों के स्पर्श की महिमा है \| फ़सल के तैयार होने में किसानों की मेहनत सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण है, बिना उनकी मेहनत के फ़सल का होना असंभव है \| | 2 |
| iii. | उपर्युक्त पंक्तियों में कवि ने सबसे अधिक महत्त्व किसान की मेहनत को दिया है \| बिना किसान की मेहनत के फ़सल का हो पाना संभव नहीं है \| | 2 |
| 9. | **पद्य खण्ड पर आधारित प्रश्न** | 2**x4 =8** |
| i. | परशुराम स्वयंवर स्थल पर टूटा धनुष देखकर बहुत क्रोधित हुए \| उन्होंने कहा कि जिसने भी यह शिव का धनुष तोडा है वह मेरे लिए सहस्त्रबाहु के सामान शत्रु है \| वह सभा से अलग हो जाए, वरना यहाँ बैठे सभी लोग मारे जायेंगे \| | 2 |
| ii. | उत्साह कविता में बादल क्रांति के प्रतीक हैं \| कवि निराला बादलों और बारिश के माध्यम से बदलाव लाना चाहते हैं \| वह समाज के शोषित – वंचित लोगों के लिए नए जीवन की और दुष्ट व्यक्तियों के संहार की कामना करते हैं \| | 2 |
| iii. | बच्चा स्वाभाविक रूप से मुस्कुराता है जबकि बड़े की मुस्कराहट बनावटी होती है \| (विद्यार्थी इसका विस्तार करेंगे) | 2 |
| iv. | कविता में छाया पुरानी सुखद यादों के लिए प्रयुक्त हुआ है \| इसे छूने से इसलिए मना किया गया है क्योंकि यदि हम पुरानी सुखद यादों में खोये रहेंगे तो हमारे वर्तमान का दुःख या समस्या कम न होकर दोगुनी हो जाएगी \| | 2 |
| v. | मृगतृष्णा हिरन की प्यास को कहते हैं \| रेगिस्तान में प्यासा हिरन पानी की तलाश में दौड़ता रहता है लेकिन वहाँ रेत पर सूरज की किरणों से पानी होने का भ्रम होता है और उसे पानी नहीं मिल पाता है \| ऐसे ही मनुष्य धन, मान – सम्मान, यश आदि के पीछे भागता रहता है, लेकिन | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | यह सब चीजें उससे दूर भागती रहती हैं। हमें संतोषी होना चाहिए और इससे बचना चाहिए। | |
| 10. | **कृतिका -** | 3**x2=8** |
| i. | दिल्ली के काया – पलट के लिए निम्न प्रयास किए गए होंगे –<br>i. हर जगह साफ़-सफाई की गई होगी।<br>ii. इमारतों को सजाया गया होगा, उनकी रंगत की गई होगी।<br>iii. सड़कों के गड्ढे भरे गए होंगे, नई सडकें बनाई गई होंगी।<br>iv. हर जगह उल्लास का माहौल रहा होगा | 3 |
| ii. | विद्यार्थी अपनी समझ के आधार पर उत्तर लिखेंगे। | 3 |
| iii. | अख़बार वालों ने उस दिन कोई भी खबर नहीं छाप कर अपना विरोध प्रकट किया। (विद्यार्थी इसका विस्तार करेंगे) | 3 |
| | **खण्ड – घ (लेखन)** | 20 |
| 11. | **निबंध लेखन (शब्द सीमा- 200 – 250 शब्द)**<br>• प्रस्तुति - 1<br>• भाषा शुद्धता – 2<br>• वाक्य विन्यास – 1<br>• विषयवस्तु (संकेत विन्दुओं के आधार पर) – 4<br>• समग्र प्रभाव – 2 | 10 |
| 12. | **पत्र – लेखन (शब्द सीमा 80 – 100 शब्द)**<br>• प्रारंभ और अंत की औपचारिकता – 1+1 = 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – शुद्धता – 1 | 5 |
| 13. | **विज्ञापन – लेखन (शब्द सीमा 25-50 शब्द )**<br>• प्रारूप – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – शुद्धता -1 | 5 |